Say "No" to Pass Books

सत्यमेव जयते

RCSCE राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद
स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार

पाठ्य पुस्तक के अध्ययन के आधार पर


प्रश्न बैंक

Question Bank

कक्षा – 12

ECONOMICS

अर्थशास्त्र



राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर (राजस्थान)

अनुक्रमणिका

कक्षा– 12 अर्थशास्त्र (वाणिज्य व कला)

क्र.स.	शीर्षक	अंक
1.	परिचय (व्यष्टि अर्थशास्त्र)	6
2.	उपभोक्ता के व्यवहार का सिद्धान्त	12
3.	उत्पादन तथा लागत की अवधारणाएं	12
4.	पूर्ण प्रतिस्पर्धा तथा बाजार संतुलन	10
5.	समष्टि अर्थशास्त्र परिचय व राष्ट्रीय आय का लेखाकंन	8
6.	मुद्रा और बैंकिंग	8
7.	आय और रोजगार के निर्धारण	8
8.	सरकारी बजट एवं अर्थव्यवस्था	8
9.	खुली अर्थव्यवस्था – समष्टि अर्थशास्त्र	8
	मॉडल पेपर संक्षिप्त पाठ्यक्रम 2023–2024 के अनुसार	
1.	मॉडल पेपर –1	80
2.	मॉडल पेपर –2	80

अध्याय - 1 परिचय
(व्यष्टि अर्थशास्त्र)

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

1. सभी आर्थिक समस्याओं के कारण है।

(अ) असीमित इच्छाएं (ब) सीमित साधन

(स) विभिन्न प्रधानता (द) ये सभी ( )

2. अर्थशास्त्र का जनक किसे कहा जाता है ?

(अ) एडम स्मिथ (ब) मार्शल

(स) रोबिन्स (द) सेम्युलसन ( )

3. अर्थशास्त्र की वह शाखा जिसमें समग्र अर्थव्यवस्था का अध्ययन किया जाता है? कहलाती है–

(अ) व्यष्टि अर्थशास्त्र (ब) मौद्रिक अर्थशास्त्र

(स) समष्टि अर्थशास्त्र (द) लोक वित्त अर्थशास्त्र ( )

4. व्यष्टि आर्थिक चर का उदाहरण है–

(अ) थोक कीमत सूचकांक (ब) राष्ट्रीय आय

(स) बाजार मांग (द) समग्र मांग ( )

5. "क्या उत्पादन करना है" की समस्या का सम्बन्ध है–

(अ) तकनीक के चयन से

(ब) आय के वितरण से

(स) वस्तुओं तथा सेवाओं के बाजार मूल्य से

(द) आय के वितरण से ( )

6. वे वस्तुएं तथा सेवाएं जिनका उपयोग अन्य वस्तुओं तथा सेवाओं के उत्पादन में होता है कहलाते है–

(अ) संसाधन (ब) वस्तु

(स) कोई नहीं (द) सेवा ( )

7. मानव जीवन की आधारभूत गतिविधियों के अन्तर्गत आते है–

(अ) उत्पादन (ब) विनिमय

(स) उपभोग (द) उपरोक्त सभी ( )

8. पुस्तक "An Enquiry into Nature and causes of wealth of Nations" के लेखक है।

(अ) मार्शल (ब) एडम स्मिथ

(स) रेग्नर फ्रिश (द) इनमें से कोई नहीं ( )

9. उत्पादन संभावना वक्र का ढाल होता है।

(अ) ऋणात्मक (ब) धनात्मक

(स) ऊपर से बांये (द) इनमें से कोई नहीं ( )

10. चयन की समस्या का कारण है–

(अ) असीमित आवश्यकता

(ब) सीमित संसाधन

(स) संसाधनों के वैकल्पिक प्रयोग

(द) उपर्युक्त सभी ( )

11. वह आर्थिक विश्लेषण जिसमें हम यह अध्ययन करते है कि विभिन्न क्रियाविधियां किस प्रकार कार्य करती है–

(अ) आदर्शक विश्लेषण (ब) सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण

(स) मौद्रिक विश्लेषण (द) आंशिक विश्लेषण ( )

12. सभी महत्वपूर्ण निर्णय सरकार द्वारा किए जाने वाली अर्थव्यवस्था कहलाती है–

(अ) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था (ब) केन्द्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था

(स) मिश्रित अर्थव्यवस्था (द) सभी ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. संसाधनो की कमी ..... की समस्या को जन्म देती है।
2. उत्पादन संभावना वक्र का ढलान ..... होता है।
3. बेरोजगारी से संबंधित मुद्दों का ..... अध्ययन में किया जाता है।
4. तटस्थता वक्र / अनधिमान वक्र का ढाल..... होता है।
5. ..... में उपभोक्ता व्यवहार का अध्ययन किया जाता है।
6. भारतीय अर्थव्यवस्था ..... है।
7. एक वस्तु की कुछ अधिक मात्रा प्राप्त करने के बदले दूसरी वस्तु की कुछ मात्रा को छोड़ना पड़ता है, इसे वस्तु की एक अतिरिक्त इकाई प्राप्त करने की ..... कहते है–

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

1. व्यष्टि अर्थशास्त्र को परिभाषित कीजिये।
2. उत्पादन सम्भावना वक्र क्या है?
3. चयन(चुनाव) की समस्या से क्या तात्पर्य हैं?
4. अर्थशास्त्र में व्यष्टि अर्थशास्त्र व समष्टि अर्थशास्त्र शब्दों का सर्वप्रथम प्रयोग किस अर्थशास्त्री ने किया?
5. अर्थशास्त्र की परिभाषा दीजिए।
6. आर्थिक समस्या से क्या अभिप्राय है?
7. अवसर लागत से क्या तात्पर्य है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. सकारात्मक आर्थिक विश्लेषण तथा आदर्शक आर्थिक विश्लेषण के मध्य अन्तर स्पष्ट कीजिए।

1. व्यष्टि अर्थशास्त्र एव ंसमष्टि अर्थशास्त्र में अन्तर बताइए।
2. अर्थशास्त्र मे एक अर्थव्यवस्था के प्रमुख कार्यो का उल्लेख कीजिए।

दीर्घत्तरात्मक प्रश्न

1. केंद्रीयकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था तथा बाज़ार अर्थव्यवस्था के भेद को स्पष्ट कीजिए।
2. अर्थव्यवस्था की केंद्रीय समस्याओं की विवेचना कीजिए।
3. अर्थव्यवस्था को कौन–कौन से क्षेत्रों में वर्गीकृत किया जाता है?
4. सीमान्त उत्पादन संभावना वक को तालिका की सहायता से चित्र का निरूपण कीजिए।
5. अर्थशास्त्र की विषय–वस्तु की विवेचना कीजिए।

अध्याय - 2

उपभोक्ता के व्यवहार का सिद्धान्त

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

1. गिफिन वस्तु में कीमत व मांग के बीच संबंध पाया जाता है।

(अ) धनात्मक (ब) शून्य

(स) ऋणात्मक (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं ( )

2. प्रतिस्थापन्न वस्तुओं में एक वस्तु की कीमत बढ़ने पर दूसरी वस्तु की मांग मात्रा _____ ?

(अ) गिरेगी (ब) स्थिर रहेगी

(स) बढ़गी (द) उपरोक्त सभी ( )

3. निम्न में से कौनसी पूरक वस्तुओं का उदाहरण हैं?

(अ) कार व पेट्रोल (ब) पेन और स्याही

(स) चाय व शक्कर (द) उपरोक्त सभी ( )

4. सामान्य वस्तु का मांग वक्र होता है।

(अ) धनात्मक (ब) ऋणात्मक

(स) शून्य (द) सभी ( )

5. कुल उपयोगिता ज्ञात करने का सूत्र है।

(अ) $TUn = MU_1 - MU_2 + \ldots\ldots\ldots MUn$

(ब) $TUn = MU_1 + MU_2 + \ldots\ldots\ldots MUn$

(ब) $TUn = MU_1 + MU_2 - \ldots\ldots\ldots MUn$

(द) सभी ( )

6. मांग फलन को दर्शाता जाता है।

(अ) $x = f(P)$ (ब) $q = f(P)$

(स) $S = f(P)$ (द) अ व ब दोनों ( )

7. बजट रेखा का प्रवणता या ढाल है।

(अ) $-P_1/P_2$ (ब) $-P_2/Px_1$

(स) $\Delta x/\Delta y$ (द) $\Delta y/\Delta x$ ( )

8. जिन वस्तुओं का उपयोग एक दूसरे के स्थान पर किया जाता है, कहलाती है।

(अ) निम्नस्तरीय वस्तुएं (ब) सामान्य वस्तुएं

(स) स्थानापन्न वस्तुएं (द) पूरक वस्तुएं ( )

9. अनिवार्य वस्तुओं में मांग की लोच होती है–

(अ) लोचदार (ब) बेलोचदार

(स) इकाई लोच (द) पूर्णतया लोचदार ( )

10. पूर्णतया बेलोचदार (e=0) मांग वक्र होता है–

(अ) क्षैतिजीय या ox अक्ष के समानान्तर

(ब) लबंवत या oy अक्ष के समानान्तर

(स) आयताकार अतिपरिवलय

(द) उपरोक्त सभी ( )

11. बजट रेखा का ढाल होता है–

(अ) ऋणात्मक ढाल (ब) धनात्मक ढाल

(स) लम्बवत ढाल (द) क्षैतिज ढाल ( )

12. बाजार मांग वक्र वैयक्तिक मांग वक्रों के योग से प्राप्त होता है–

(अ) क्षैतिज (ब) लम्बवत

(स) धनात्मक (द) प्रतिलोम ( )

13. अनधिमान वक्र की अति सामान्य आकृति होती है–

(अ) उद्‌गम के प्रति उत्तल (ब) उद्‌गम के प्रति नतोदर

(स) उद्‌गम से सीधी रेखा (द) उद्‌गम से टेढ़ी रेखा ( )

14. विलासिता की वस्तुओं में मांग की लोच होती है–

(अ) लोचदार ($e > 1$) (ब) बेलोचदार ($e < 1$)

(स) इकाई लोच ($e = 1$) (द) पूर्णतया लोचदार ($e = \infty$) ( )

15. मांग में शिफ्ट में किसे स्थिर माना जाता है।

(अ) उपभोक्ता की आय (ब) अन्य वस्तुओं की कीमतें

(स) रूचि व फैशन (द) वस्तु की स्वयं की कीमत ( )

16. यदि केलों की कीमतें 40 प्रतिशत बढ़ती है तो केलों की मांग 20 प्रतिशत घट जाती है, तो मांग की कीमत लोच क्या होगी ?

(अ) 2 (ब) 1.5 (स) 0.5 (द) 2.5 ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. वस्तु की एक अतिरिक्त इकाई के उपभोग से कुल उपयोगिता मे जो परिवर्तन आता है उसे .....कहते है।
2. .....सभी उपभोक्ताओं की सम्मिलित मांग का जोड़ होती है।
3. वस्तु की कीमत व उसकी मांग के फलनात्मक संबंध ..... को कहते है।
4. पूर्णतया बेलोचदार मांग वस्तु है.....।
5. मांग वक्र वस्तु की कीमत व वस्तु की मांगी गई मात्रा के बीच..... संबंध बताता है।
6. कार की कीमत बढ़ने पर पेट्रोल की मांग की मात्रा..... ।
7. एक समकोणीय ..... मांग वक्र की मांग की लोच क्या होती है?
8. चाय की कीमत बढ़ने पर कॉफी की मांग मात्रा.....।

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

1. मांग वक्र की प्रवणता को स्पष्ट कीजिए।
2. उपभोक्ता के बजट सेट से आप क्या समझते है?
3. मांग की लोच को समझाइये।
4. ह्रासमान विस्थापन दर का आशय लिखिए।
5. मांग फलन क्या है?
6. उपभोक्ता वस्तुओं तथा पूंजीगत वस्तुओं के प्रत्येक के दो उदाहरण दीजिए।
7. पूरक वस्तु के कोई दो उदाहरण दीजिए।
8. एकदिष्ट अधिमान को परिभाषित कीजिए।
9. एक विवेकशील उपभोक्ता का प्रमुख उद्देश्य क्या है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. उपभोक्ता का इष्टतम चयन को दर्शाने वाला रेखाचित्र बनाइए।
2. मांग की कीमत लोच के मापने की ज्यामितीय विधि को समझाइए।
3. उपयोगिता को परिभाषित कीजिए ।
4. तटस्थता वक्र मूल बिन्दू के उन्नतोदर क्यों होते है?
5. मांग वक्र का ढाल बांये से दांये नीचे की तरह झुकता हुआ क्यों होता है ? समझाइए।

6. दो वस्तुओं की स्थिति में गणनावाचक विश्लेषण में उपभोक्ता के संतुलन की शर्त बताइयें।
7. सामान्य वस्तुओं एवं निम्न स्तरीय वस्तुओं के बीच अन्तर कीजिए।
8. "घटती हुई सीमान्त उपयोगिता नियम" क्या है?
9. निम्न को परिभाषित करते हुए दो–दो उदाहरण दीजिए।

   (A) स्थानापन्न वस्तुएं

   (B) पूरक वस्तुएं

   (C) सामान्य वस्तुएं

   (D) निम्नस्तरीय वस्तुएं

9. कुल उपयोगिता एवं सीमान्त उपयोगिता संबंधी निम्न तालिका को पूर्ण कीजिए।

कुल उपयोगिता (TU)	**20**	–	**53**	**63**	–	**76**
सीमान्त उपयोगिता (MU)	**20**	**18**	**15**	–	**8**	–

10. यदि एक उपभोक्ता के अधिमान एकदिष्ट हैं, तो क्या वह बंडल (10,8) और बंडल (8,6) के बीच तटस्थ हो सकता है?

दीर्घत्तरात्मक प्रश्न

1. कुल उपयोगिता व सीमान्त उपयोगिता के मध्य पाये जाने वाले सम्बन्ध को तालिका व चित्र द्वारा बताये।
2. उदासीनता वक्र/अनधिमान वक्र को परिभाषित करते हुए इसकी विशेषताएं बताइयें।
3. मांग में परिवर्तन समझाइये।

a. मांग में विस्तार व संकुचन

b. मांग में वृद्धि व कमी

4. A वस्तु की कीमत **100** रूपये से बढ़कर **500** रूपये हो जाती है तो उसकी वस्तु की मांग की मात्रा **10000** इकाइयों से घटकर **5000** इकाईयां हो जाती है तो मांग की कीमत लोच ज्ञात कीजिए।
5. मांग वक्र के शिफ्ट को स्पष्ट कीजिए।

   या

   मांग वक्र की दिशा में गति को रेखाचित्रों की सहायता से स्पष्ट कीजिए।

6. मांग वक्र $D(p) = 10-3p$ को लीजिए। कीमत 5/3 पर लोच क्या है?

निबन्धात्मक प्रश्न

1. मांग को परिभाषित करते हुए चित्र की सहायता से मांग की लोच की विभिन्न श्रेणियां समझाइये।
2. जब कीमत गिरती है तो एक वस्तु को क्यो खरीदा जाता है ?
3. मांग की लोच का अर्थ बताते हुए मांग की लोच के प्रकारों का वर्णन कीजिए।
4. "मांग की लोच" की परिभाषा दीजिए। इसे मापने की दो विधियों का वर्णन करो।
5. यदि एक उपभोक्ता 10 रूपये प्रति इकाई पर किसी वस्तु की 200 इकाईयां खरीदता है किन्तु उस वस्तु की कीमत घटकर 8 रूपये प्रति इकाई होने पर 300 इकाईयां खरीदता है, कुल व्यय विधि के आधार पर ज्ञात कीजिए कि वस्तु की मांग कैसी है?
6. मान लीजिए, किसी वस्तु की माँग की कीमत लोच -0.2 है। यदि वस्तु की कीमत में 10% वृद्धि होती है, तो उस पर होने वाला व्यय किस प्रकार प्रभावित होगा?

अध्याय - 3
उत्पादन तथा लागत की अवधारणाएं

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

1. सीमान्त उत्पाद का सूत्र है –

(अ) TP/Q (ब) $\Delta TP/\Delta Q$

(स) AP/Q (द) PxQ ( )

2. औसत स्थिर लागत वक्र की आकृति होती है।

(अ) क्षैतिज (ब) आयताकार अतिपरिवलय

(स) उर्ध्वाधर (द) 'यू ' आकार ( )

3. कुल स्थिर लागत वक्र का आकार होता है।

(अ) यू आकार (ब) उल्टा यू आकार

(स) क्षैतिजीय (द) उर्ध्वाधर ( )

4. उत्पादन फलन को व्यक्त कर सकतें है–

(अ) q=f(L,K) (ब) q=f(L+K)

(स) q=f(L-K) (द) q=f(L÷K) ( )

5. दीर्घकालीन औसत लागत वक्र को दीर्घकालीन सीमान्त लागत वक्र सदैव काटता है।

(अ) उच्चतम बिन्दु पर (ब) न्यूनतम बिन्दु पर

(स) उच्चतम बिन्दु से नीचे (द) मध्य बिन्दु से ऊपर ( )

6. वह अवधि जिसमें उत्पादन के सभी कारकों में परिवर्तन लाया जा सकता है–

(अ) दीर्घकाल (ब) अल्पकाल

(स) अतिअल्पकाल (द) सभी ( )

7. पैमाने के प्रतिफल नियम का संबन्ध होता है।

(अ) अल्पकाल से (ब) दीर्घकाल से

(स) अति अल्पकाल से (द) अति दीर्घकाल से ( )

8. कौनसे लागत वक्र पर उत्पादन की मात्रा में परिवर्तन का प्रभाव नहीं पड़ता है।

(अ) AVC (ब) TVC

(स) TFC (द) TC ( )

9. दीर्घकाल में उत्पादन के साधनों की मात्रा में जिस अनुपात में परिवर्तन होता है यदि कुल उत्पादन उस अनुपात से कम बढ़े, तो उसे कहते है।

(अ) पैमाने के घटते प्रतिफल (ब) पैमाने के बढते प्रतिफल

(स) पैमाने के समान प्रतिफल (द) पैमाने के स्थिर प्रतिफल ( )

10. एक फर्म अल्पकाल में जो स्थिर लागतों को वहन करती है उन्हें कहा जाता है।

(अ) कुल स्थिर लागत (ब) कुल लागत

(स) औसत स्थिर लागत (द) सीमान्त लागत ( )

11. वह वक्र जो दो उत्पादन साधनों के उन विभिन्न संयोगों को दर्शाता है, जिससे समान मात्रा में उत्पादन होता है, वह कहलाता है?

(अ) समोत्पाद वक्र (ब) अनधिमान वक्र

(स) उदासीनता वक्र (द) तटस्थता वक्र ( )

12. "गोसेन का प्रथम नियम" क्या है?

(अ) मांग का नियम (ब) सम–सीमान्त–उपयोगिता नियम

(स) सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम (द) उपभोक्ता की बचत ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. दीर्घकाल में उत्पादन के सभी साधन .....होते है।
2. .....फलन आगतों व निर्गतों के मध्य संबंध को दर्शाता है।
3. सीमान्त उत्पादन की आकृति.....समान होती है।
4. जब सीमान्त उत्पाद शून्य होता है कुल उत्पाद .....होता है।
5. किसी वस्तु में आवश्यकता को सन्तुष्ट करने की शक्ति को .....कहा जाता हैं।
6. समोत्पाद वक्र का ढ़ाल .....होता है।

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

1. सीमान्त उत्पाद का सूत्र लिखिए।
2. उत्पादन फलन से क्या तात्पर्य है?
3. उत्पादन कारक का आशय लिखिए।
4. उपयोगिता से क्या अभिप्राय है?
5. दीर्घकाल से क्या तात्पर्य है?
6. ह्रासमान सीमान्त उत्पाद का नियम क्या है?
7. स्थिर लागतों से क्या अभिप्राय है?
8. उत्पादन फलन किनके मध्य सम्बन्ध बताता है?
9. मौद्रिक लागत किसे कहते है?

10. स्पष्ट व अस्पष्ट/व्यक्त व अव्यक्त लागतें क्या है?
11. औसत उत्पाद की आकृति किस प्रकार की होती है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. रेखाचित्र की सहायता से औसत लागत व सीमान्त लागत के मध्य सम्बन्ध को बताइये।
2. "पैमाने के प्रतिफल" व "एक साधन के प्रतिफल" में अन्तर समझाइये।
3. अल्पकालीन कुल लागत एवं औसत लागत का तात्पर्य लिखिए।
4. समोत्पाद/ समान मात्रा/ समोत्पत्ति मानचित्र से क्या अभिप्राय है? रेखाचित्र की सहायता से समझाइए।
5. 'पैमाने के प्रतिफल' की अवधारणा को संक्षिप्त में लिखिए।
6. ह्रासमान पैमाने के प्रतिफल को रेखाचित्र की सहायता से स्पष्ट कीजिए।
7. फर्म उत्पादन का अर्थ बताइये।
8. फर्म उत्पादन साधनों के किस संयोग बिन्दु पर साम्य में होगी?
9. कॉब डगलस उत्पादन फलन क्या है?

दीर्घत्तरात्मक प्रश्न

1. स्थिर लागत व परिवर्तनशीन लागत में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
2. एक फर्म की औसत स्थिर लागत, औसत परिवर्ती लागत तथा औसत लागत क्या है ? वे किस प्रकार संबंधित है ं।
3. अल्पकालीन सीमांत लागत वक्र 'U' आकार का क्यों होता है?
4. उत्पादन फलन को परिभाषित कीजिए। पैमाने के वर्द्धमान, स्थिर तथा ह्रासमान प्रतिफल को समझाइये।
5. अल्पकाल की संकल्पना को परिभाषित कीजिए कुल उत्पाद औसत उत्पाद तथा सीमान्त उत्पाद की अवधारणाओं को समझाइये।

निबन्धात्मक प्रश्न

1. परिवर्तनशील अनुपातों के नियम की रेखाचित्र सहित व्याख्या कीजिए।
2. दी गई सारणी में अज्ञात मूल्यों की गणना कीजिए।

इकाईया	स्थिर लागत	परिवर्तन लागत	AFC	AVC	SAC	SMC
0	40	—	—	—	—	—
1	40	20	—	20	60	20
2	40	36	20	18	—	16
3	40	48	13.33	—	29.33	—

3. स्थिर लागत 10 रूपए है, सारणी में दी गई उत्पादन इकाईयों की SAC & SMC की गणना कीजिए।

इकाईया	कुल परिवर्ती लागत रूपये	अल्पकालीन औसत रूपये	अल्पकालीन सीमान्त लागत रूपये
1	30		
2	40		
3	48		
4	52		

4. दीर्घकालीन लागत से क्या तात्पर्य है? दीर्घकालीन सीमान्त लागत वक्र व औसत लागत वक्र के संबन्ध को रेखाचित्र की सहायता से स्पष्ट कीजिए।

5. नीचे दी गई तालिका एक फर्म की कुल लागत अनुसूची दर्शाती है। इस फर्म का कुल स्थिर लागत क्या है। फर्म के कुल परिवर्ती लागत, कुल स्थिर लागत. औसत परिवर्ती लागत. अल्पकालीन औसत लागत तथा अल्पकालीन सीमांत लागत अनुसूची की गणना कीजिए।

Q	0	1	2	3	4	5	6
कुल लागत	10	30	45	55	70	90	120

अध्याय - 4
पूर्ण प्रतिस्पर्धा

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

1. पूर्ति प्रतिस्पर्धा में एक फर्म की कीमत रेखा होती हैं

(अ) ऋणात्मक ढाल वाली रेखा (ब) धनात्मक ढाल वाली रेखा

(स) क्षैतिज अक्ष के समान्तर रेखा (द) लम्बवत् अक्ष के समान्तर रेखा ( )

2. पूर्ण प्रतिस्पर्धा बाजार में एक फर्म होती है

(अ) कीमत निर्धारक (ब) मांग निर्धारक

(स) कीमत स्वीकारक (द) बाजार निर्धारक ( )

3. अल्पकाल में कुल लागत एवं कुल परिवर्तनशील लागत के मध्य अन्तर होता है

(अ) TFC (ब) AFC

(स) MC (द) AC ( )

4. पूर्ण प्रतिस्पर्धा बाजार में फर्म का मांग वक्र होता है?

(अ) पूर्णतया लोचदार (ब) पूर्णतया बेलोचदार

(स) इकाई लोचदार (द) इकाई से अधिक लोचदार ( )

5. पूर्ति की कीमत लोच का सूत्र निम्न में से है

(अ) $\frac{\text{पूर्ति की मात्रा में \% परिवर्तन}}{\text{कीमत में \% परिवर्तन}}$

(ब) $\frac{\text{कीमत में \% परिवर्तन}}{\text{पूर्ति की मात्रा में \% परिवर्तन}}$

(स) $\frac{\text{मांग की मात्रा में \% परिवर्तन}}{\text{कीमत में \% परिवर्तन}}$

(द) $\frac{\text{मांग की मात्रा में \% परिवर्तन}}{\text{पूर्ति की मात्रा में \% परिवर्तन}}$ ( )

6. फर्म के पूर्ति वक्र को प्रभावित करने वाला घटक है–

(अ) इकाई कर (ब) आगत कीमतें

(स) प्रौद्योगिक प्रगति (द) ये सभी ( )

7. किसी कार्य को दूसरे सर्वश्रेष्ठ कार्य से प्राप्त त्यागा गया लाभ है–

(अ) अवसर लागत (ब) कुल लागत

(स) सामान्य लागत (द) सीमान्त लागत ( )

8. जब पूर्ति–वक्र मूल बिन्दु से होकर गुजरता है तो पूर्ति लोच होगी?

(अ) इकाई के बराबर (ब) इकाई से अधिक

(स) इकाई से कम (द) इनमें से कोई नहीं ( )

9. वस्तु की कीमत X फर्म की निर्गत से ज्ञात किया जाता है–

(अ) केवल सीमान्त संप्राप्ति (ब) कुल संप्राप्ति

(स) औसत सीमान्त संप्राप्ति (द) सीमान्त संप्राप्ति ( )

10. पूर्ण प्रतिस्पर्धा बाजार में अल्पकाल में फर्म को होता है–

(अ) असामान्य लाभ (ब) हानि

(स) सामान्य लाभ (द) उपरोक्त सभी ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. पूर्णतया बेलोचदार पूर्ति में पूर्ति वक्र ..... होता है।
2. बाजार मांग पूर्ति की शक्तियों द्वारा कीमत निर्धारण को .....कहते है ।
3. एक पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार में फर्म की कीमत ..... होती है।
4. वह लाभ जो एक फर्म सामान्य लाभ से ऊपर अर्जित करती है, उसे ....कहते है।
5. पूर्ण प्रतिस्पर्धा बाजार में कीमत का निर्धारण ..... किया जाता है।

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

1. साम्य (संतुलन) कीमत की परिभाषा दीजिये।
2. बाजार पूर्ति क्या है?
3. अधिसामान्य लाभ क्या है?
4. कुल संप्राप्ति ज्ञात करने का सूत्र लिखो।
5. किसी फर्म के पूर्ति वक्र के निर्धारक तत्वों के नाम लिखो।
6. पूर्ति का नियम किसे कहते है?
7. आगम को परिभाषित कीजिए।
8. पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में फर्म की कुल संप्राप्ति ज्ञात करने का सूत्र बताइए।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. बाजार पूर्ति को एक तालिका के माध्यम से समझाइये।

   या

   पूर्ति का नियम क्या है? इसे उदाहरण एवं रेखाचित्र द्वारा समझाइए।
2. औसत संप्राप्ति अवधारणा की व्याख्या कीजिए।
3. एक वस्तु की कीमत रूपये 10 एवं पूर्ति 100 इकाईयां है कीमत बढ़कर रूपये 12 होने पर पूर्ति बढ़कर 120 इकाईयां हो जाती है पूर्ति की कीमत लोच ज्ञात कीजिए।
4. अल्पकाल एवं दीर्घकाल में दो अन्तर बताइयें।
5. उत्पादन बन्दी बिन्दु क्या है? अल्पकाल में एक फर्म कब उत्पादन बन्द कर देती है?

दीर्घत्तरात्मक प्रश्न

1. "पूर्ण प्रतिस्पर्धा में फर्म कीमत स्वीकारक होती है न कि कीमत निर्धारक" इस कथन को स्पष्ट कीजिए।
2. पूर्ण प्रतिस्पर्धा में एक फर्म के अल्पकालीन पूर्ति वक्र को रेखाचित्र की सहायता से स्पष्ट कीजिए।
3. पूर्ण प्रतिस्पर्धा में एक फर्म दीर्घकालीन पूर्ति वक्र को रेखाचित्र की सहायता से स्पष्ट कीजिए।
4. फर्म के पूर्ति वक्र के निर्धारक तत्वों को स्पष्ट कीजिए।
5. एक फर्म के सामान्य लाभ व अधिसामान्य लाभ बिन्दु से आप क्या समझते है?
6. पूर्ण प्रतिस्पर्धा बाजार की परिभाषा दीजिए व विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
7. कुल आगम, सीमान्त आगम तथा औसत आगम को तालिका द्वारा स्पष्ट कीजिए।
8. फर्म के पूर्ति वक्र के निर्धारक तत्वों को स्पष्ट कीजिए।
9. उत्पादक के सन्तुलन की विधियां बताते हुए कुल आगम, कुल लागत विधि की व्याख्या कीजिए।
10. सीमान्त आगम व सीमान्त लागत को परिभाषित कीजिए। चित्र सहित सम्बन्ध को स्पष्ट कीजिए।
11. एक कीमत – स्वीकारक फर्म का कुल संप्राप्ति वक्र, ऊपर की ओर प्रवणता वाली सीधी रेखा क्यों होती है? यह वक्र उद्‌गम से होकर क्यों गुजरती है?

12. 8 रूपयें प्रति इकाई पर एक वस्तु की 400 इकाईयों की पूर्ति की जाती है। पूर्ति की लोच 2 है। बताये किस कीमत पर 600 इकाईयों पर पूर्ति की जाएगी?

13. एक पूर्ण प्रतिस्पर्धा बाजार में वस्तु की कीमत 10 रूपये निर्धारित की गई है, नीचे एक फर्म की लागत तालिका दी गई है जिसके आधार पर फर्म के विभिन्न उत्पादन स्तर पर लाभ की गणना कीजिए तथा उत्पादन का स्तर बताइए, जहां लाभ अधिकतम है –

इकाई	0	1	2	3	4	5	6	7
कुल लागत	7	16	20	26	34	47	62	77

अध्याय - 5

बाजार संतुलन

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

1. सरकार द्वारा किसी वस्तु अथवा सेवा के लिए निम्नतम निर्धारित कीमत के सुपरिचित उदाहरण है

   (अ) कृषि समर्थन (ब) रेडिमेड वस्त्र एवं सूती कपड़ा

   (स) लोहा एवं स्टील (द) मोबाइल एवं लेपटॉप ( )

2. सरकार किस अधिनियम के माध्यम से यह सुनिश्चित करती है कि श्रमिकों की मजदूरी दर एक विशेष स्तर से नीचे न गिरे :

   (अ) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम

   (ब) अनुबन्ध अधिनियम

   (स) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम

   (द) श्रमजीवी मजदूरी क्षतिपूर्ति अधिनियम ( )

3. पूर्ण प्रतिस्पर्धा श्रम बाजार में मजदूरी होती है

   (अ) मजदूरी = श्रम का सीमान्त उत्पाद

   (ब) मजदूरी = श्रम का औसत उत्पाद

   (स) मजदूरी > श्रम का सीमान्त उत्पाद

   (द) मजदूरी < श्रम का औसत उत्पाद ( )

4. बाजार संतुलन की मान्यता है कि उपभोक्ता की बातें स्थिर रहती है

   (अ) संबन्धित वस्तुएं कीमतें (ब) उपभोक्ताओं की आय

   (स) बाजार का आकार एवं उनकी रूचियां (द) ये सभी ( )

5. फर्मो के निर्बाध प्रवेश एवं बहिर्गमन के साथ मांग में शिफ्ट का प्रभाव फर्मो की स्थिर संख्या की तुलना में मात्रा पर होता है

   (अ) न्यूनतम (ब) अधिक

   (स) कम (द) सामान्य ( )

6. यदि बाजार मांग वक्र $q^D = 100 - P$ तथा बाजार पूर्ति वक्र $q^S = 60 + P$ है, तो संतुलन कीमत होगी?

   (अ) 10 रूपये (ब) 20 रूपये

   (स) 30 रूपये (द) 40 रूपये ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. फर्मो के निर्बाध प्रवेश एवं बहिर्गमन से अभिप्राय .....।
2. ह्यसमान सीमान्त उत्पाद नियम .....पर लागू होता है।
3. सभी खेतों की लागत संरचना समान है तो उसे.....कहते है।
4. श्रम बाजार में श्रम की मांग .....द्वारा की जाती हैं।
5. पूर्ति में शिफ्ट (बांयी ओर) होने पर मात्रा में .....होती है।

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

1. शून्य अधिमांग एवं शून्य अधिपूर्ति की स्थिति स्पष्ट कीजिए।
2. फर्म एवं उद्योग में अन्तर बताइए।
3. राशनिंग से क्या तात्पर्य है?
4. पूर्ण प्रतिस्पर्धा बाजार में संतुलन मात्रा का निर्धारण किस प्रकार किया जाता है ?
5. श्रम की सीमान्त उत्पादकता से क्या अभिप्राय है?
6. संतुलन कीमत व संतुलन मात्रा का क्या अभिप्राय है?
7. श्रम की मांग व श्रम की पूर्ति से क्या अभिप्राय है?
8. बाजार संतुलन से आप क्या समझते है?

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. संतुलन के सम्बन्ध में "अदृश्य हाथ" सम्बन्धी धारणा को स्पष्ट कीजिए।
2. पूर्ण प्रतिस्पर्धा बाजार में कीमत निर्धारण के सम्बन्ध में फर्म का उद्योग कौन–सा अधिक महत्वपूर्ण होता है और क्यों?
3. श्रम की सीमान्त उत्पादकता से क्या तात्पर्य है?
4. बाजार मांग वक्र दांयी तरफ तथा पूर्ति वक्र बांयी ओर खिसकता है तो संतुलन मात्रा एवं कीमत पर क्या प्रभाव पड़ेगा?
5. अधिमांग और अधिपूर्ति को उपयुक्त रेखाचित्र के माध्यम से समझाइए।

दीर्घत्तरात्मक प्रश्न

1. बाजार के विभिन्न रूप स्पष्ट कीजिए।
2. एक पूर्ण प्रतिस्पर्धा श्रम बाजार में मजदूरी दर किस प्रकार निर्धारित होती हैं?

3. फर्मो के निर्बाध प्रवेश व बहिर्गमन की स्थिति में यदि वस्तु की मांग में वृद्धि/कमी होने पर संतुलन की कीमत तथा मात्रा पर क्या प्रभाव पड़ेगा? रेखाचित्र द्वारा स्पष्ट कीजिए।
4. निम्नतम निर्धारित कीमत की व्याख्या कीजिए।
5. जब उत्पादन में प्रयुक्त आगतों की कीमतों में परिवर्तन होता है तो किसी वस्तु की संतुलन कीमत तथा मात्रा किस प्रकार परिवर्तित होती है?
6. उच्चतम निर्धारित कीमत की व्याख्या रेखाचित्र की सहायता से कीजिए।
7. पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार में मांग व पूर्ति के संतुलन एवं असंतुलन से उत्पन्न स्थितियों को रेखाचित्रों द्वारा स्पष्ट कीजिए।
8. फर्मो की स्थिर संख्या के होने पर पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार में कीमत का निर्धारण किस प्रकार होता है? व्याख्या कीजिए।

समष्टि – अर्थशास्त्र

अध्याय - 1 परिचय

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

1. विश्वव्यापी आर्थिक महामंदी का उद्‌भव हुआ–

(अ) 1929 (ब) 1919

(स) 1935 (द) 1950 ( )

2. समष्टि अर्थशास्त्र में निर्णयकर्ता कौन होते है ?

(अ) बाजार कीमत, कुल रोजगार (ब) सामान्य कीमत, कुल निवेश

(स) राष्ट्रीय आय तथा कुल बचत (द) सभी ( )

3. जब कीमतों में लगातार तथा दीर्घकालीन वृद्धि होती है तो उसे कहा जाता है –

(अ) मुद्रा संकुचन (ब) मुद्रा स्फीति

(स) अति उत्पाद (द) मंदी ( )

4. समष्टि अर्थशास्त्र का संबन्ध है –

(अ) एक इकाई के अध्ययन से

(ब) एक परिवार के अध्ययन से

(स) एक फर्म के अध्ययन से

(द) समग्र इकाई के अध्ययन से ( )

5. समष्टि अर्थशास्त्र की विषय–सामग्री नहीं है –

(अ) निर्गत स्तर (ब) रोजगार स्तर

(स) मुद्रा स्फीति (द) मांग व पूर्ति संतुलन ( )

6. "द जनरल थ्योरी ऑफ इंप्लॉयमेन्ट इंटरेस्ट एण्ड मनी" के लेखक कौन है–

(अ) एडम स्मिथ (ब) अल्फ्रेड मार्शल

(स) जॉन मेनार्ड कीन्स (द) पॉल सेम्यूअलसन ( )

7. समष्टि अर्थशास्त्र का अध्ययन क्षेत्र है–

(अ) उपभोक्ता की रूचि (ब) एक फर्म का व्यवहार

(स) सामान्य कीमत स्तर (द) वस्तु की कीमत ( )

8. कीमत स्तर में वृद्धि होने से मुद्रा की क्रय शक्ति–

(अ) बढ़ती है (ब) घटती है

(स) स्थिर रहती है (द) शून्य हो जाती है ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में उत्पादन के साधनों पर.....होता है।
2. जब कोई देश अपने घरेलू उत्पाद को अन्य देश को बेचता है तो उसे ....कहते है।
3. मुद्रा व बैंकिग विश्लेषण .....अर्थशास्त्र में आता है।
4. .....को आधुनिक अर्थशास्त्र का जनक माना जाता है।
5. जिस अर्थशास्त्र में समग्र का अध्ययन किया जाता है उसे ..... कहते है।
6. एक समयावधि में मापी जाने वाली मात्रा ..... है ।

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

1. मौद्रिक प्रवाह की परिभाषा दीजिए।
2. आर्थिक एजेंट को परिभाषित कीजिए।
3. राष्ट्रीय आय के चक्रीय प्रवाह से क्या अभिप्राय है?
4. समष्टि अर्थशास्त्र क्या है?
5. स्टॉक की परिभाषा दीजिये।
6. बन्द अर्थव्यवस्था से क्या तात्पर्य है?
7. प्राथमिक क्षेत्र का अर्थ बताइए।
8. प्रवाह की परिभाषा दीजिये।

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. सरकार से क्या अभिप्राय है?
2. व्यष्टि अर्थशास्त्र व समष्टि अर्थशास्त्र में क्या अन्तर है?
3. आयात व निर्यात में कोई एक अन्तर बताइए।
4. समाजवादी एवं पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में अन्तर बताइए।

दीर्घत्तरात्मक प्रश्न

1. 1929 की महामंदी का वर्णन करें।
2. समष्टि अर्थशास्त्र की दृष्टि से अर्थव्यवस्था के चार प्रमुख क्षेत्रो का वर्णन करें।
3. पूंजीवादी अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण विशेषताएं क्या है?

अध्याय - 2
राष्ट्रीय आय का लेखांकन

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

1. सकल निवेश में से क्या घटाने पर निवल निवेश प्राप्त होता है ?

(अ) शुद्ध ब्याज (ब) विनियोग

(स) मूल्य ह्रास (द) लाभ ( )

2. निम्न में से पूँजीगत वस्तुओं का उदाहरण नहीं है –

(अ) मशीनें (ब) औजार

(स) घरेलू कम्प्यूटर (द) गोदाम ( )

3. वस्तु की ऐसी मद या प्रकार जिनका अन्तिम उपयोग उपभोक्ताओं के द्वारा होता है, कहलाती है।

(अ) अन्तिम वस्तुएं (ब) मध्यवर्ती वस्तुएं

(स) कोई नहीं (द) उपरोक्त सभी ( )

4. वह आर्थिक चर जिसका प्रयोग निश्चित समय बिन्दु के लिए किया जाता है–

(अ) प्रवाह (ब) स्टॉक

(स) मूल्यह्रास (द) अनुदान ( )

5. एक ही द्वि–क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में अर्थव्यवस्था के क्षेत्र होते है–

(अ) पारिवारिक क्षेत्र (ब) व्यावसायिक क्षेत्र या फर्मे

(स) सरकार (द) अ और ब दोनों ( )

6. NNP_{MP} से क्या तात्पर्य है?

(अ) बाजार कीमत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद

(ब) साधन लागत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद

(स) बाजार कीमत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद

(द) साधन लागत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद ( )

7. राष्ट्रीय आय मापन की विधि है–

(अ) व्यय विधि (ब) उत्पाद विधि

(स) आय विधि (द) ये सभी ( )

8. राष्ट्रीय आय गणना में शामिल किया जाता है–

(अ) मध्यवर्ती वस्तुओं को (ब) अंतिम वस्तुओं एव सेवाओं को

(स) कच्चे माल को (द) अर्द्ध निर्मित माल को ( )

9. यदि सकल राष्ट्रीय उत्पाद 500 करोड़ रू तथा मूल्यह्रास 50 करोड़ रूपये हो तो निवल राष्ट्रीय उत्पाद होगा।

(अ) 500 करोड़ रूपये (ब) 550 करोड़ रूपये

(स) 450 करोड़ रूपये (द) 500 करोड़ रूपये ( )

10. बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद की गणना करने का सूत्र है–

(अ) GDP = C + I + G + X + M

(ब) GDP = C + I + G + X - M

(स) GDP = C - I - G - X - M

(द) GDP = C + I + G - X - M ( )

11. आय विधि से सकल घरेलू उत्पाद की गणना करने का सूत्र है–

(अ) GDP = W + P + I_n + R

(ब) GDP = P + I_n - R - W

(स) GDP = P – I_n – R + W

(द) GDP = P – I_n – R - W ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

1. अर्थव्यवस्था में जिस क्षेत्रक द्वारा श्रम की पूर्ति की जाती है, वह .....है।
2. अर्थव्यवस्था में पूंजीगत वस्तुओं में नये योग का माप .....कहलाता है।
3. उद्यमी की आय .....है।
4. एक फर्म के एक वर्ष में माल सूची के मूल्य में वृद्धि को .....कहा जाता है।
5. राष्ट्रीय आय की दोहरी गणना से बचने के लिए .....विधि का प्रयोग किया जाता है।
6. मानवीय श्रम के योगदान का पारिश्रमिक .....कहलाता है।

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

1. मूल्यह्रास क्या है?
2. सकल घरेलू उत्पाद से आप क्या समझते है?
3. मध्यवर्ती वस्तुओं की परिभाषा दीजिये।
4. मानवीय श्रम का पारिश्रमिक क्या है?
5. राष्ट्रीय प्रयोज्य आय को स्पष्ट कीजिए।

6. टेलीविजन, ट्रेक्टर, पम्प सेट एवं भोजन में से कौनसी पूंजीगत वस्तुएं है ?
7. अन्तिम वस्तु किसे कहते है?
8. एक अर्थव्यवस्था के तीन क्षेत्र क्या है?
9. निजी आय क्या है?
10. उपभोक्ता कीमत सूचकांक किसे कहते है?
11. माल सूची किसे कहते है?
12. प्रति व्यक्ति आय ज्ञात करने का सूत्र लिखिए।
13. टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं किसे कहते है ?

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. सकल राष्ट्रीय उत्पाद एवं सकल घरेलू उत्पाद की अवधारणाओं को समझाइए।
2. राष्ट्रीय आय व आर्थिक कल्याण में सम्बन्ध को बताइये।
3. सकल घरेलू उत्पाद अवस्फीतिक क्या है ?
4. प्रचालन अधिशेष से क्या तात्पर्य है?
5. छिद्र/रिसाव क्या है?
6. दिए गए मूल्यों से बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद की गणना कीजिए–(करोड़ में)

   C=1000, I=1500, G=500, X=250, M=750

दीर्घत्तरात्मक प्रश्न

1. राष्ट्रीय आय की गणना की समस्या को बताइए।
2. वितरित लाभ, निगमन लाभकर, अवितरित लाभ को बताइए।
3. राष्ट्रीय आय की परिभाषा दीजिए व विशेषताएं बताइए।
4. उपभोग वस्तुएं व पूंजीगत वस्तुओं में अन्तर बताइए।
5. मध्यवर्ती वस्तुएं व अंतिम वस्तुएं में अन्तर बताइए।
6. घरेलू सीमा व सामान्य निवासियों की अवधारणा को समझाइयें।
7. सकल निवेश व शुद्ध निवेश को परिभाषित कीजिए।
8. नीचे एक अर्थव्यवस्था से सम्बन्धित आँकड़े दिए गए हैं जिनके आधार पर बाजार कीमत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद तथा साधन लागत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद ज्ञात कीजिए–

   अन्तिम वस्तुओं एवं सेवाओं का मूल्य 428करोड़ रूपए

घिसावट व्यय 48 करोड़ रूपए

विदेशों से शुद्ध साधन आय 12 करोड़ रूपए

अप्रत्यक्ष कर 10 करोड़ रूपए

आर्थिक सहायता 8 करोड़ रूपए

9. राष्ट्रीय आय की अवधारणाएं समझाइए।

- बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद
- साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद
- बाजार कीमतों पर शुद्ध घरेलू उत्पाद
- साधन लागत पर शुद्ध घरेलू उत्पाद
- बाजार कीमतों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद
- साधन लागत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद
- बाजार कीमतों पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद
- साधन लागत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद या राष्ट्रीय आय (NI)

10. राष्ट्रीय आय के मापन की कठिनाईयां बताइए।

11. आय के वर्तुल प्रवाह को विस्तार से समझाइए।

12. राष्ट्रीय आय ज्ञात करने की तीनों विधियों का वर्णन कीजिए।

13. राष्ट्रीय आय गणना की मूल्यवर्धित विधि का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

अध्याय - 3
मुद्रा व बैंकिग

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

1. भारत में करेंसी जारी करता है–

(अ) बैंक ऑफ इण्डिया (ब) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया

(स) यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया (द) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया ( )

2. सट्टे के उद्देश्य के लिए मुद्रा की मांग निर्भर करती है–

(अ) निवेश दर (ब) रेपो दर

(स) ब्याज दर पर (द) बैंक दर ( )

3. निम्नलिखित में से व्यापारिक बैंक का प्रमुख कार्य है–

(अ) नोट निर्गमन (ब) साख नियन्त्रण

(स) सरकारी बैंकर (द) साख निर्माण ( )

4. डिजिटल भुगतान का सरल तरीका है –

(अ) ई–वॉलेटस (ब) चैक

(स) ड्राफ्ट (द) बैंक पास बुक ( )

5. मुद्रा का संचलन वेग है–

(अ) V = 1/R (ब) V = 1/K

(स) V = 1/KP (द) V = 1/T ( )

6. केन्द्रीय बैंक व्यापारिक बैंको को अल्पकाल के लिए जिस दर पर पैसा उधार देता है,वह है

